भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 909

जिसका उत्तर 06.02.2020 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग सं॰-744 पर बाईपास/फ्लाईओवर

909. श्री कोडिकुन्नील सुरेशः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का यातायात जाम की भारी समस्या को हल करने के लिए केरल में राष्ट्रीय राजमार्ग सं॰-744 पर कोट्टारकारा शहर में नए बाईपास अथवा फ्लाईओवर का निर्माण करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को कोट्टारकारा में बाईपास अथवा फ्लाईओवर के निर्माण और वर्तमान एनएच सं॰-744 के चौड़ीकरण के लिए केरल सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख): केरल में राष्ट्रीय राजमार्ग-744 पर कोट्टारकारा शहर में नया बाईपास अथवा फ्लाईओवर के निर्माण के लिए कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग): जी, नहीं।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****